नीतीश कुमार के नेतृत्व में कार्य करना मेरे लिए व्यक्तिगत सौभाग्य और उपलब्धि: चंदन कु. सिंह

जदयू के स्थापना दिवसपर नीतीश कुमारसे की मुलाकात, दी बधाई

गयाजी। जद यू के वरिष्ठ नेता चंदन कुमार सिंह ने शुक्रवार को पटना स्थित 7, सर्कुलर रोड आवास पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात कर उन्हें जद यू के 23वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

इस अवसर पर उन्होंने नीतीश कुमार के दो दशकों के ऐतिहासिक कार्यकाल में 'न्याय के साथ विकास' की धारा को मजबूती प्रदान करने तथा गाँव-गाँव तक विकास की रोशनी पहुँचाने के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास, सुशासन, सामाजिक न्याय और महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में नई पहचान बनाई है। चंदन कुमार सिंहने कहा कि नीतीश कुमार जैसे विराट व्यक्तित्व वाले युगपुरुष के नेतृत्व में पार्टी की छाँव में निरंतर कार्य करने का अवसर मिलना मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से बड़े सौभाग्य और उपलब्धि की बात है। उनका



कार्यकर्ताओं के प्रति स्नेह, सबको साथ लेकर चलने की भावना और जनहित को सर्वोपरि रखने की कार्यशैली हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने आगे कहा कि जनता दलयू की 23 वर्षों की यात्रा केवल एक राजनीतिक संगठन का सफर नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, सुशासन और विकास के संकल्प को धरातल पर उतारने की यात्रा रही है। मोके पर सदनके उप नेता ललन सराफ भी मौजूद रहे।

सेव लदा ट्रक पलटा सड़क पर बिखरा सामान चालक का हाथ टूटा

बाराचट्टी। मोहनपुर ग्रामिण (आससे)। जिले के बाराचटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एनएच-19 पर छिनारी पुल के पास शुक्रवार को करीब दो बजे सेव लदा एक मालवाहक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद ट्रक में लदा सेव सड़क पर बिखर गया। घटनाके बाद मौके पर लोगोंकी भारी भीड़ जुट गई। बताया जाता है कि उक्त ट्रक दिल्लीसे बालेश्वर जा रहा था। इसी दौरान ट्रक में तकनीकी खराबी आने के कारण दुर्घटना हुई है। हादसे में चालक का हाथ टूटने की बात सामने आई है। घायल चालक का इलाज कराया जा रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही बाराचटी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। सड़क पर बिखरे सेव एवं अन्य सामान की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस ने घटनास्थल पर चौकीदार की तैनाती कर दी है, ताकि दुर्घटनाग्रस्त ट्रक में लदे सामान को सुरक्षित रखा जा सके।

छठ पूजा की तैयारी को लेकर हुई सूर्य क्लब की बैठक, सौंपी गयी जिम्मेवारी

टिकारी (आससे)।लोक आस्थाका अति पावन महा पर्व छठ पूजा की तैयारीको लेकर ऐतिहासिक नगर टिकारीमे सूर्य क्लब की बैठक दुर्गा स्थान चौक स्थित कर्ण कुमार गुप्ताके आवास परिसरमे क्लबके अध्यक्ष अमर कुमार की अध्यक्षता मे हुई। बैठक मे गत वर्ष की उपलब्धि, आय व्यय पर चर्चा व सभी बिंदुओं पर सम्पुष्टि के उपरांत छठ पूजा की तैयारीको लेकर सभी प्रमुख विषयों पर सदस्योंने विस्तारसे चर्चा की। नगरके एकलौते सूर्य क्लब की ओर से भव्य पूजा पंडालका निर्माण कराए जाने, चलायमान भुवन भास्कर एवं अन्य कई देवी देवताओंकी भव्य प्रतिमा बैठाए जाने, आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था, भगवान सूर्य की साधना, उपासना और उनकी महिमा तथा भगवान सूर्य की पूजा का महात्म, छठ मईयाकी महिमाको पौराणिक कथाओं एवं मान्यताओं के आधारपर विद्युत् उपकरणों, यंत्रोंके माध्यम कुशल कलाकारों द्वारा ध्वनि विस्तारक से प्रसारित कराए जाने पर गहन मंथनके उपरांत सहमति बनी!

सूर्य क्लबके अध्यक्षने सदस्योंके सुझावोंसे अवगत होनेके उपरांत इस बार और बेहतर व्यवस्था करने का संकल्प लेते हुए सभी को यथा योग्य जिम्मेदारी सौंपी। अध्यक्ष अमर कुमारके अलावे कोषाध्यक्ष शशि कुमार प्रियदर्शी, राजेश कुमार गुप्ता, कमलेश कुमार शुक्ला ऊर्फ पिंटू शुक्ला, बिंदु प्रसाद, कर्ण कुमार गुप्ता, पवन गुप्ता, भानु प्रकाश, राज कुमार गुप्ता, मनोज गुप्ता, विनय चौरसिया, सहित अन्य कई सदस्य बैठक मे उपस्थित थे।

Govt. of Bihar

समाहरणालय, बक्सर
(जिला बाल संरक्षण इकाई)
बाल कल्याण समिति,
बक्सर के आदेशानुसार गुमशुदा बालिका की सूचना

नाम : अंशिका (काल्पनिक नाम) रंग : साँवला
उम्र : 06 दिन (उपस्थापन तिथि को) माता/पिता—अज्ञात
प्राप्ति तिथि/स्थल : दिनांक 30.09.2026 को मुरार थाना अंतर्गत मसर्हिया फिल्ड के पास मनपा पुल की ओर जाने वाली पक्की सड़क के किनारे पड़ी हुई थी, जिला—बक्सर।
समिति के समक्ष उपस्थापन की तिथि—05.10.2026
(वर्तमान में बालिका विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान, बक्सर में आवासित है)



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त वर्णित बच्चे के माता—पिता/ अभिभावक/परिजन बच्चे की प्रेस विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के अंदर साक्ष्य के साथ अपना दावा कार्यालय विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान/बाल कल्याण समिति/जिला बाल संरक्षण इकाई, बक्सर, बिहार (सम्पर्क न0—9939679408, 9709661625 एवं ई0मेल—adcpubuxar01@gmail.com) के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। उपरोक्त वर्णित समयाविधि के उपरान्त कोई दावा मान्य नहीं होगा और बालिका को दत्तकग्रहण विनियम 2022 (अन्य प्रावधान्वित निदेशों सहित) के प्रावधानानुसार उपयुक्त दंपति को गोद देने हेतु कानूनी रूप से मुक्त घोषित करने की कार्रवाई की जाएगी।
उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
PR. No. 014461 (B&C) 2026-27
सहायक निदेशक,
जिला बाल संरक्षण इकाई
बक्सर
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

दिवाली से पहले किसानों के खाते में आया पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त

मानपुर।कृषि विज्ञान केंद्र, मानपुर, गया में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त जारी होने के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के केंद्रीय मंत्री श्री जीतन राम मांझी जी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिले के बड़ी संख्या में किसान भाई-बहनों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय केंद्रीय मंत्री श्री जीतन राम मांझी जी, जिला कृषि पदाधिकारी श्री संजीव कुमार तथा कृषि विज्ञान केंद्र, मानपुर के प्रधान एवं वरीय वैज्ञानिक इं. मनोज कुमार रॉय गरिमामयी उपस्थिति में हुआ

इस अवसर पर माननीय मंत्री जी जी ने किसानों को अपने संबोधन में प्राकृतिक खेती एवं जैविक खेती के महत्व पर विशेष जोर देते हुए कहा कि इन पद्धतियों को अपनाने से मिट्टी की उर्वरता एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है तथा कृषि उत्पादन को अधिक टिकाऊ बनाया जा सकता है। उन्होंने किसानों को रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों पर निर्भरता कम करने, प्राकृतिक संसाधनों का उचित उपयोग करने तथा प्राकृतिक एवं जैविक खेती को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त जारी किए जाने का सीधा प्रसारण किया गया। किसानों को योजना के अंतर्गत मिलने वाली आर्थिक सहायता के महत्व तथा कृषि कार्यों में इसके उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. अनिल कुमार रवि, डॉ. मोनिका पटेल एवं डॉ. रश्मि प्रियदर्शी ने भी किसानों के साथ संवाद किया तथा कृषि की उन्नत तकनीकों, पोषण एवं कृषि आधारित आजीविका को सुदृढ़ करने से संबंधित जानकारी साझा की।अंत में कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान एवं वरीय वैज्ञानिक अभियंता श्री मनोज कुमार राय ने सभी अतिथियों, जिला कृषि पदाधिकारी, प्रगतिशील किसानों एवं उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

मगध विवि एवं गया छात्र जदयू के नवनिर्वाचित अध्यक्षोंका जिला कार्यालय में स्वागत

गया जी। आज जनता दल यू के जिला कार्यालय, गया जी में मगध विश्वविद्यालय छात्र जदयू के अध्यक्ष अमरजीत कुशवाहा एवं गया छात्र जदयू के अध्यक्ष अमित शर्मा के आगमन पर पार्टीके साथियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा फूल-माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा ने दोनों छात्र नेताओं को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि छात्र जदयू पाटह्न की रीढ़ है। युवाओं और छात्रोंकी सक्रिय भागीदारी से ही संगठन को नई ऊर्जा एवं मजबूती मिलती है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में शिक्षा, महिला सशकतीकरण, युवा उत्थान एवं सामाजिक न्याय के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। छात्र जदयू के कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को छात्र-छात्राओं तक पहुंचाएं तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं।



इस मौके पर उपस्थित अमरजीत कुशवाहा एवं अमित शर्मा, ने युवा नेता निशांत कुमारके हाथोंको मजबूत करने एवं संगठनको विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर तक मजबूत करने तथा छात्र हितों के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जदयू नेता , अवध बिहारी पटेल,अमर नाथ राय, गौतम पटेल, छात्र नेता शिवम,शिवम मिश्रा, आदर्श, राहुल, विजय , रोहित, एवं अरविंद वर्मा, दयानंद विश्वकर्मा, बृजराज पांडे, कुंदन चौधरी,सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

बिहार सरकार

समाहरणालय, जहानाबाद
ई-मेल :- dm-jehanabad.bih@nic.in वेबसाईट :- jehanabad.bih.nic.in
दूरभाष/फैक्स :-06114-223142
(जिला नजारत शाखा)
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निदेशक, सांस्कृतिक कार्य, कला एवं संस्कृति विभाग बिहार पटना के पत्रांक 1241 दिनांक 15.10.2026 द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्य स्तरीय युवा उत्सव दिनांक 03.12.2026 से 05.12.2026 तक जहानाबाद जिला में आयोजन प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम को सुचारू एवं सफल कार्यन्वयन के निमित गाँधी मैदान जहानाबाद में विभिन्न कार्य सम्पन्न हेतु इच्छुक फर्म/संस्था/व्यक्ति से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा आमंत्रण एवं निस्तारण की तिथि निम्न प्रकार है:-

प्रथम		द्वितीय निविदा		तृतीय निविदा	
निविदा आमंत्रण की तिथि 06.11.2026 (01:00 बजे अपराह्न)	निस्तारण की तिथि 06.11.2026 (02:00 बजे अपराह्न)	निविदा आमंत्रण की तिथि 14.11.2026 (01:00 बजे अपराह्न)	निस्तारण की तिथि 14.11.2026 (02:00 बजे अपराह्न)	निविदा आमंत्रण की तिथि 21.11.2026 (01:00 बजे अपराह्न)	निस्तारण की तिथि 21.11.2026 (02:00 बजे अपराह्न)

निविदा जिला नजारत शाखा जहानाबाद में द्वि-पद्दति मुहरबंद लिफाफे में प्राप्त की जायेगी। प्राप्त निविदा दिनांक 07.11.2026 को अपराह्न 02:00 बजे निविदा समिति द्वारा निविदादाता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि (प्राधिकार पत्र के साथ) की उपस्थिति में निविदा खोली जायेगी। निविदा के शर्तों एवं विशिष्टियों के लिए जिला के बेवसाईट—www.jehanabad.nic.in पर या जिला नजारत शाखा, जहानाबाद से संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।
दिनांक 04.11.2026 को अपराह्न 03:00 बजे समाहरणालय में स्थित सभा कक्ष में उक्त कार्यक्रम से संबंधित विभिन्न कार्य का विस्तृत विवरण एवं प्रस्तुतिकरण जिला प्रशासन के द्वारा किया जायेगा। अतः सभी इच्छुक निविदादाता को सूचित किया जाता है कि उक्त बैठक में ससमय उपस्थिति होना सुनिश्चित करें।

NOTE:
- Representative sample designs have been provided in the Annexure for reference. The design of the pandal, entrance gates, sculptures, and other decorative elements shall conform as closely as practicable to the attached samples. Interested bidders shall be required to present their proposed designs during the pre-bid meeting. The final designs shall be approved by the competent authority before execution of the work, following the award of the tender. Payment shall be made strictly in accordance with the approved designs and the actual work executed, subject to verification and certification by the competent authority.
- The entire arrangement is intended for a State-level programme, with events scheduled to continue from the forenoon until late evening. Accordingly, the bidder shall ensure adequate lighting arrangements throughout the event venue, including all key areas and access routes, while maintaining the aesthetic appeal and decorative features of the overall setup.

इसके अतिरिक्त भी स्थल पर आवश्यकतानुसार कार्य कराया जा सकता हैं।
विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No. 014585 (District) 2026-27
जिला पदाधिकारी,
जहानाबाद
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

आईआईएम बोधगया में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर विशेष अभियान

बोधगया (आससे)। शिक्षा मंत्रालय के निर्देशपर आईआईएम बोधगया में 15 सितंबर से 31 अक्टूबर तक विशेष अभियान 6.0 चलाया जा रहा है। इसके तहत



स्वच्छता, ई-वेस्ट प्रबंधन, संसाधनों के बेहतर उपयोग और रिकार्ड व्यवस्थित करने पर जोर दिया जा रहा है। अभियानके दौरान पुराने स्क्रैपकी बिक्रीसे संस्थान को 6.54 लाख रुपये प्राप्त हुए, जबकि पुराने सामान और बेकार कार्टन हटाकर करीब 1600 वर्गफुट जगह खाली कराई गई। ई-वेस्ट का निस्तारण अधिकृत रिसाइक्लर के माध्यम से किया गया। वहीं, 28 अक्टूबर को परिसर में अग्निशमन एवं आपातकालीन निकासी माक ड्रिल आयोजित की गई। स्वच्छता गतिविधियों और पौधारोपण के जरिए पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा दिया गया। संस्थान का उद्देश्य स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित परिसर के साथ संसाधनों का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करना है।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सुपौल
Email Id:- ee.supaul.bcd@gmail.com
(ई0 निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
अति अल्पकालीन द्वितीय शुद्धि पत्र

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक—1960 अनु0 दिनांक— 13.10.2026 द्वारा अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या—17/2026—27 जिसका PR. No.-013703 (BCD) 2026-27 है जो दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ है, अपरिहार्य कारणवश निम्न तिथियों में संशोधन किया जाता है।

क्र0 सं0	कार्य का नाम
1.	डॉ0 अम्बेडकर कल्याण छात्रावास, निर्मली, सुपौल के पुराने भवन का मरम्मति एवं रंग—रोगन कार्य।

क्र0 सं0	विवरण	निविदा में निर्धारित तिथि एवं समय	नये संशोधित (अवधि विस्तारित) तिथि एवं समय
2.	परिमाण—विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय	दिनांक—28.10.2026 तक 1:00 बजे अपराह्न तक।	दिनांक—07.11.2026 तक 1:00 बजे अपराह्न तक।
3.	निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय	दिनांक—29.10.2026 तक 3:00 बजे अपराह्न तक।	दिनांक—07.11.2026 तक 3:00 बजे अपराह्न तक।
4.	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	दिनांक—29.10.2026 के 3:30 बजे अपराह्न तक।	दिनांक—07.11.2026 के 3:30 बजे अपराह्न तक।

शेष शर्ते यथावत रहेंगी।
PR- 014501 (B C D) 2026-27
कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, सुपौल
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, बेगूसराय।
अल्पकालीन नीलामी आमंत्रण सूचना संख्या—02/2026—27

भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, बेगूसराय अंतर्गत निम्नलिखित पुराने भवन को तोड़कर हटाने (नींव सहित) एवं स्थल साफ एवं समतल कर उपलब्ध कराने हेतु कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, बेगूसराय द्वारा निलामी आहूत की गई है। यह नीलामी दिनांक—05.11.2026 को 3:00 बजे अप0 में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, बेगूसराय के कार्यालय कक्ष में की जाएगी।

क्र0 सं0	स्थल/भवन/संरचना का नाम	न्यूनतम नीलामी राशि	नीलामी में भाग लेने आवश्यक राशि (Bank Draft) के माध्यम से	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Dismantling work of Old Block Building in Nawkothi Block, Begusarai.	60,400.00	6,100.00	15 दिन
2	Dismantling work of Old Garage Room at D-Type Quarter Campus Site Begusarai.	38,200.00	3,900.00	10 दिन
3	Dismantling Work of Dilapidated Malipur Panchayat Sarkar Building, Gadhpura Block, Begusarai.	36,900.00	3,700.00	10 दिन

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।
PR- 014496 (B C D) 2026-27
कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, बेगूसराय।
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

कुश्ती के अखाड़े में सोनू कुमार का स्वर्णिम दांव

गयाजी। गया जिले के मानपुर प्रखंड अंतर्गत मझौली गांव के प्रतिभाशाली पहलवान सोनू कुमार ने राज्य स्तरीय विद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया है। इस शानदार उपलब्धि के साथ ही सोनू का चयन राष्ट्रीय विद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ है। अब वे राष्ट्रीय स्तर पर बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे। ग्रीनफील्ड इंग्लिश स्कूल, हनुमान नगर, फतेहपुर रोड के छात्र सोनू कुमार, अनिल कुमार के पुत्र हैं। बिहार सरकार के शिक्षा विभाग एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में 13 से 16 अक्टूबर तक भभुआ द्धकैमूरत्न में आयोजित अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 राज्य स्तरीय विद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में उन्होंने अंडर-19 आयु वर्ग के 65 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। इस प्रतियोगिता में मगध प्रमंडल के खिलाड़ियों ने कुल 19 पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया था। सोनू कुमार खेलो इंडिया कुश्ती सेंटर, गयाजी में कोच रामपूजन साहनी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम तथा प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर राज्य स्तर तक का सफर तय किया और स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा साबित की। इस उपलब्धि पर ग्रीन फील्ड इंग्लिश स्कूल के निदेशक अमय मौर्या ने सोनू कुमार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सोनू की इस सफलता से विद्यालय परिवार, परिजनों और मझौली गांव सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन के बाद अब उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें बढ़ गई हैं।



न्यायालय,
श्रीमान् सबजज नवम, गया।
हकियत वाद संख्या 765/25
अनिल कुमार चौधरी.....
वादी
बनाम
महेश चौधरी वगैरह.....प्रतिवादीगण
गजट बनाम- प्रतिवादी नं. 01 महेश चौधरी पिता स्व. कन्हाई चौधरी, 02. राजेश चौधरी, 03. राकेश चौधरी, दोनो पिता महेश चौधरी, सभी निवासी ग्राम बिहटा, थाना महकार, जिला गया (बिहार)
चूँ आपलोगों को सूचित किया जाता है कि वादी के द्वारा आपलोगो के खिलाफ बंटवारा वाद लाया है। जिसमें नयायालय के द्वारा आपलोगो को नोटीस भेजा गया लेकिन आपलोग न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए। इस गजट प्रकाशन से पुनः आपको सुचित किया जाता है कि इस वाद में अगली तारीख 20.11.26 को समय 10.30 बजे पुर्वाहन न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपलोगों के अनुपस्थिति मे एकपक्षीय कार्यवाही किया जाएगा। आज दिनांक 05.09.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।
सबजज नवम, गया।

न्यायालय,
श्रीमान् सबजज नवम, गया।
बँटवारा वाद संख्या 153/25
आशा देवी.....वादी
बनाम
बिना देवी वगैरह..... प्रतिवादीगण
गजट बनाम-प्रतिवाद नं. 01.बिना देवी पति स्व. प्रमोद कुमार वैध, 02. प्रभाकर वैध पिता स्व. प्रमोद कुमार वैध, दोनो निवासी ग्राम रसलपूर, थाना मोफसिल, जिला गया, 03.अलका पाठक पति राजेश कुमार ऊर्फ संतोष पाठक, निवासी ग्राम इमामगंज, जिला गया, 04.अमृता कुमारी पति आशुतोष पाठक, निवासी ग्राम+थाना टिकारी, जिला गया, 05. भारती कुमारी पति रौशन कुमार पाठक, निवासी ग्राम नैली, थाना मगध मेडिकल,जिला गया।
आपलोगों को सूचित किया जाता है कि वादी के द्वारा आपलोगों के खिलाफ बँटवारा वाद लाया है जिसमें न्यायालय के द्वारा आपलोगों को नोटीस भेजा गया था लेकिन आपलोग न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए। इस गजट के प्रकाशन से पुनः आपलोगो को सूचित किया जाता है कि इस वाद में अगली तारीख 04.11.26 को समय 10.30 बजे पुर्वाहन न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपलोगों के अनुपस्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही किया जाएगा। आज दिनांक 11.09.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।
सबजज नवम, गया।

समाहरणालय बेगूसराय
(जिला भू-अर्जन कार्यालय)
प्रपत्र VII
समाहर्ता-सह-समुचित सरकार
अधिघोषणा
(अधिनियम-30/2013 की धारा-19(1) के अधीन)

चूँकि समाहर्ता को यह प्रतीत होता है, कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा बेगूसराय जिलान्तर्गत बरौनी रेलवे स्टेशन से तेघड़ा रेलवे स्टेशन के बीच अवस्थित LC No-7B पर सड़क उपरि पुल के निर्माण हेतु ग्राम-सोगराहा, थाना-तेघड़ा, राजस्व थाना- 389, अंचल- तेघड़ा, जिला-बेगूसराय में में कुल-0.933 एकड़ यानि 0.37758 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।
इसलिए अधिघोषणा की जाती है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू-खंड है, जो मानक माप से कमोवेश कुल-0.933 एकड़ यानि 0.37758 हेक्टेयर है और जो ग्राम-सोगराहा, थाना-तेघड़ा, राजस्व थाना- 389, अंचल- तेघड़ा, जिला-बेगूसराय में है, जिसका विवरण निम्नवत है :-

क्र0 सं0	खाता सं0	सर्वे भूखंड संख्या	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्र (एकड़ में)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा (भूखंड सं0) उ0	द0	पू0	प0
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	948	3374	नीज	आवासीय	0.09563	पंकज कुमार सिंह वो पवन कुमार सिंह पिता-राम बिनोद सिंह फुलवारिया वार्ड नं0-24	सड़क	नीज	3371	1410/4426
2	960	3373	नीज	आवासीय	0.04077	पंकज कुमार सिंह वो पवन कुमार सिंह पिता-राम बिनोद सिंह फुलवारिया वार्ड नं0-24	3374	3372	3371	4412
3	359	3372	नीज	आवासीय	0.03311	पंकज कुमार सिंह वो पवन कुमार सिंह पिता-राम बिनोद सिंह फुल वारिया वार्ड नं0-24	3373	कादिर चक शिवाना	3371	4412
4	खतियान उपलब्ध नहीं है।	3371	नीज	आवासीय	0.08006	बिकास कुमार सिंह वो विवेक कुमार सिंह पिता-राजकि ोर सिंह वो संजय दास वो मनोज दास वो पिता-अ ोक दास, ग्राम-फुलवारिया वार्ड नं0-24	सड़क	सड़क	3368	3373
5	941	3354	नीज	आवासीय	0.08846	आकाश पोदार वो अमन कुमार वो सोनू पोदार पिता-स्व0 रूपेश पोदार ग्राम-फुलवारिया वार्ड नं0-7	3350	3361	सड़क	3355
6	खतियान उपलब्ध नहीं है।	3249	–	आवासीय	0.41143	बिहार सरकार	3248	सड़क	3209	3556
7	962	3209	–	आवासीय	0.10601	बिहार सरकार	नीज	सड़क	3208	3237
8	961	3237	नीज	आवासीय	0.00470	चंद्रशेखर राय पिता-स्व0 रामकिसुन राय वार्ड नं0-18 फुलवारिया, बरौनी	नीज	सड़क	3209	3248
9	944	3248	नीज	आवासीय	0.02693	गणेश राय वो दिनेश राय वो सुधीर राय वो अमर राय वो नवाज राय पिता-योगेन्द्र राय ग्राम फुलवारिया नगरपालिका वार्ड नं0-18	नीज	सड़क	3237	3245/3249
10	खतियान उपलब्ध नहीं है।	3361	नीज	आवासीय	0.0459	अज्ञात	3355	रेलवे	सड़क	3361

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0-30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जॉच के पश्चात किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिह्नत किये गये हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण शून्य है।
ग्राम-सोगराहा, थाना-तेघड़ा, राजस्व थाना- 389, अंचल- तेघड़ा, जिला-बेगूसराय में में कुल-0.933 एकड़ यानि 0.37758 हेक्टेयर है।
उपर्युक्त भूमि या किसी उपर्युक्त भूमि के विशेष भाग में पड़े कोयला खदान, लौह-पत्थर, स्लेट या अन्य खनिज है, ऐसे भागों में पड़े हुए खदान एवं खनिज जिसे उस प्रयोजन जिसके लिए भूमि अर्जित की गई है परियोजना के निर्माण चरण के दौरान खोदे जाने या हटाया अथवा उपयोग किए जाने की अपेक्षा है को छोड़कर, आवश्यक नहीं हैं।
जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, बेगूसराय के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।
PR- 014491 (Revenue) 2026-27
समाहर्त्ता, बेगूसराय
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।